# Co-Curricular/extra-curricular Activity

Date: 22.01.2025 Time: 10:00 AM

Presents:-

Venue:- Dental college Campus

Chief Guest (Mentors):

•

Activity Topic:- "Blood Donation Camp in dental college"

Activity Details:-

A mega blood donation camp was organised in Hazaribag college of dental sciences and Hospital on wednesday in collaboration with Swami Dharmabandhu college of education and Srinivas Blood center.

The camp was organised to provide blood to thalassemia patients and those in need of Blood. In which the principal of Swami Dharmabandhu college of education Dr. Sarika Kumari inaugurated the blood donation camp by donating

Signature........................

blood voluntarily. A total of 55 people donated blood voluntarily in the camp and gave the message of humanity.

During this, the principal of Dental college, Dr. K. Srinivas, vice principal Dr. Ankur Bhargava, Dr. Nishad Gowali and Dr. Soumya Raj. on behalf of the college family, honored all the blood donors by presenting them with certificates and wished them a bright future.

C.L.O:- • Blood cell production stimulation

• Such camp help. helpless poor people.

• Boosts liver health






23/01/2025

# डेंटल कॉलेज में स्वामी धर्मबंधु कॉलेज ऑफ एजुकेशन व श्रीनिवास ब्लड सेंटर के सहयोग से लगाया गया मेगा रक्तदान शिविर



हजारीबाग(आवाज)। कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल में दिन बुधवार को स्वामी धर्मबंधु कॉलेज ऑफ एजुकेशन एवं श्रीनिवास ब्लड सेंटर के सहयोग से मेगा रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर थैलेसीमिया पीड़ित एवं रक्त के जरूरतमंदों के मरीजों के रक्त की उपलब्धता एवं सहयोगार्थ हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वामी धर्मबंधु कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. सारिका कुमारी ने स्वैच्छिक रक्तदान कर रक्तदान शिविर शुभारंभ किया। साथ ही रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भेंटकर हौसला वर्धन कर उनकी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। शिविर में कुल 55 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। इस दौरान डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. के. श्रीकृष्ण, उप प्राचार्य डॉ अंकूर भार्गव, डॉ निशाद गयली एवं डॉ सौम्या राज ने कॉलेज परिवार की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सहृदय सम्मानित किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम के आयोजन से लोगों को सुरक्षित रक्तदान के बारे में जागरूकता बढ़ाना और स्वैच्छिक रक्तदाताओं के प्रति आभार प्रकट करना था। श्रीनिवास ब्लड सेंटर से प्रवीण कुमार, अजय कुमार मिश्रा, शिवानी सिन्हा, आशीष राज एवं संतोष कुमार ने शिविर में अपना सराहनीय योगदान दिया। शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में डेंटल कॉलेज से डॉ तुमुल शेखर, डॉ बोधिनाल राज, डॉ मनमीत राज एवं डॉ रितेश कुमार ने अपना सराहनीय योगदान दिया। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने रक्तदाताओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ कहा कि रक्तदान महादान है। इससे लोगों को नया जीवन मिलता है। हम पैसे से हर कोई का मदद नहीं कर सकते हैं लेकिन जनभागीदारी से रक्तदान शिविर लगाकर कई जरूरतमंद की जान बचा सकते है। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य रक्तदान पर फैली भ्रमक अफवाहों पर जागरूकता फैलना था। रक्तदान पूरी तरह से सुरक्षित है और रक्तदान के बाद तेजी से हम सभी को शरीर में रक्त बनने लगता है और शरीर भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक ऐसा कार्य है। जिससे शरीर में कई प्रकार के फायदे एवं अतिरिक्त आयरन के स्तर को कम करने में मदद मिलती है।

Signature